**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 918**
**गुरुवार, 4 दिसंबर, 2025/13 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## विमानपत्तनों पर सुविधाओं का उन्नयन

**918. श्री राजीव प्रताप रूडीः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश भर में विमानपत्तनों पर सुविधाओं के उन्नयन हेतु चल रही परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा उन्हें पूर्ण करने हेतु विमानपत्तन-बार स्वीकृत धनराशि एवं समय-सीमा कितनी है;

(ख) क्या विमानपत्तनों पर वायु नैविगेशन सेवाएं यातायात हैंडलिंग के अनुरूप हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या नैविगेशन एवं लैंडिंग प्रणालियों में बाधाओं के परिणामस्वरूप उड़ानें रद्द की गई हैं और संचालन कम किए गए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं; और

(घ) नैविगेशन एवं लैंडिंग प्रणालियों में सुधार हेतु सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क): देश भर के हवाईअड्डों पर सुविधाओं के उन्नयन के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा शुरू की गई प्रमुख परियोजनाओं का हवाईअड्डा-वार विवरण, स्वीकृत राशि और पूरा होने की अनुमानित तारीख अनुलग्नक में है। हालांकि, हवाईअड्डे की परियोजनाओं को पूरा करने की समय सीमा, भूमि अधिग्रहण, अनिवार्य मंजूरी की उपलब्धता, वित्तीय समापन आदि जैसे कई कारकों पर निर्भर करती है।

(ख) से (घ): भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) देश में एकमात्र वायु दिक्चालन सेवा प्रदाता (एएनएसपी) के रूप में, वायु दिक्चालन अवसंरचना का लगातार आधुनिकीकरण करता है और बढ़ते हुए वायु यातायात के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए वायु यातायात प्रबंधन प्रणालियों को अपग्रेड करता है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की नागर विमानन अपेक्षाओं (सीएआर) और अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) मानकों तथा अनुशंसित परिपाटियों (एसएआरपी) के अनुपालन में तथा प्रचालन संबंधी आवश्यकताओं के आधार पर हवाईअड्डों पर दिक्चालन और निगरानी/हवाई यातायात प्रबंधन (सीएनएस/एटीएम) संबंधी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

व्यवधानों के संबंध में, उड़ान परिचालन कभी-कभी कई कारकों से प्रभावित हो सकता हैं, जैसे कि मौसम की स्थिति, भीड़ या तकनीकी दिक्कतें या परिचालन संबंधी बाधाएं। ऐसे मामलों को मानक संरक्षा और परिचालन प्रक्रियाओं के माध्यम से ठीक किया जाता है।

हवाई यात्रा की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए एएआई द्वारा वायु यातायात प्रबंधन प्रणालियों को लगातार अपग्रेड किया जाता है। एएआई ने अलग-अलग एयरपोर्ट पर आईपी-बेस्ड वॉयस कम्युनिकेशन कंट्रोल सिस्टम (वीसीसीएस) और आईपी-बेस्ड वीएचएफ रेडियो, ऑटोमैटिक डिपेंडेंट सर्विलांस-ब्रॉडकास्ट (एडीएस-बी) ग्राउंड स्टेशन, गगन पर आधारित परफॉर्मेंस-बेस्ड नेविगेशन (पीबीएन) प्रोसीजर आरएनपी-जेड (एलपीवी) प्रोसीजर, सेंट्रल एयर ट्रैफिक फ्लो मैनेजमेंट (सीएटीएफएम) सिस्टम और एयरपोर्ट कोलैबोरेटिव डिसीजन मेकिंग (ए-सीडीएम) जैसी पहलें लागू की हैं। एएआई ने मौजूदा आईपी-बेस्ड ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम (एएमएसएस) को नए एयर ट्रैफिक सर्विसेज मैसेज हैंडलिंग सिस्टम (एएमएचएस) से बदलने का भी काम किया है।

**लोक सभा के दिनांक 04.12.2025 के लिखित प्रश्न संख्या 918 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

| क्र.सं. | हवाईअड्डा | परियोजना का नाम | अनुमोदित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | चेन्नई | चेन्नई हवाईअड्डे का आधुनिकीकरण चरण ।। | 2467.00 |
| 2 | | रैपिड एग्जिट टैक्सीवे का निर्माण, समानांतर टैक्सी ट्रैक और लिंक टैक्सी-ट्रैक का विस्तार | 480.06 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | उदयपुर | उदयपुर हवाईअड्डे पर नए एकीकृत यात्री टर्मिनल भवन का निर्माण | 887.00 |
| 4 | जम्मू | जम्मू हवाईअड्डे पर नए सिविल एन्क्लेव का निर्माण | 861.37 |
| 5 | लेह | लेह हवाईअड्डे पर नए टर्मिनल भवन का निर्माण | 640.00 |
| 6 | विजयवाड़ा | विजयवाड़ा हवाईअड्डे पर संबद्ध कार्यों सहित नए एकीकृत टर्मिनल भवन का निर्माण। | 611.80 |
| 7 | इम्फाल | इम्फाल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे, इम्फाल में नए एकीकृत टर्मिनल भवन, कंट्रोल टॉवर-सह तकनीकी ब्लॉक, एप्रन, लिंक टैक्सीवे का निर्माण और संबद्ध कार्यों | 499.00 |
| 8 | जोधपुर | जोधपुर हवाईअड्डे पर नए टर्मिनल भवन का निर्माण | 480.00 |
| 9 | राजमुंदरी | राजमुंदरी हवाईअड्डे पर नए घरेलू टर्मिनल भवन निर्माण और रखरखाव, प्रचालन एवं एआईसीएमसी सहित विविध कार्य । | 347.15 |
| 10 | बेलगावी | बेलगावी हवाईअड्डे पर टर्मिनल भवन का विस्तार और उससे संबंधित कार्य । | 322.45 |
| 11 | हुब्बल्ली | हुबली हवाईअड्डे पर नए घरेलू टर्मिनल भवन का निर्माण और विविध कार्य । | 320.47 |
| 12 | कडपा | कडपा हवाईअड्डे पर नए घरेलू टर्मिनल भवन का निर्माण और रखरखाव, प्रचालन और एआईसीएमसी सहित और विविध कार्य । | 265.91 |
| 13 | गोवा | गोवा हवाईअड्डे पर मौजूदा एकीकृत टर्मिनल भवन और संबद्ध कार्यों का विस्तार। | 255.69 |
| 14 | दरभंगा | दरभंगा, बिहार में नए सिविल एन्क्लेव का विकास। | 911.66 |
| 15 | वाराणसी | लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, वाराणसी का विकास। | 2869.65 |
| 16 | आगरा | आगरा हवाईअड्डे पर नए सिविल एन्क्लेव का विकास। | 579.00 |
| 17 | बागडोगरा | बागडोगरा हवाईअड्डे पर नए सिविल एन्क्लेव का विकास। | 1549.00 |
| 18 | हिसार | हिसार हवाईअड्डे पर एकीकृत टर्मिनल भवन, कार्गो टर्मिनल, एटीसी टॉवर सह तकनीकी ब्लॉक और फायर कंट्रोल टॉवर के साथ फायर स्टेशन भवन का निर्माण | 660.80 |
| 19 | केशोद | केशोद हवाईअड्डे का विकास। | 363.10 |
| 20 | कोलकाता | सेक्शन रनवे 'के' और 'ए' टैक्सी के कठोर हिस्से का पुनर्निर्माण। | 328.3 |
| 21 | कोलकाता | एनएससीबीआई हवाईअड्डा, कोलकाता में समान प्रयोक्ता घरेलू कार्गो टर्मिनल (सीयूडीसीटी) का निर्माण। | 229.43 |
| 22 | पाक्योंग | पाक्योंग हवाईअड्डे पर बेसिक स्ट्रिप का चौड़ीकरण जिसमें ढलान स्थिरीकरण संतुलन का काम और स्टॉर्म जल निकासी प्रणाली का विकास कार्य शामिल है। | 323.26 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 23 | कालीकट | कालीकट हवाईअड्डे पर रनवे 10-28 के दोनों छोर पर अतिरिक्त रनवे और सुरक्षा क्षेत्र का विकास और सीएनएस सुविधाओं का स्थानांतरण और बढ़ाना। | 484.57 |

******